SYLLABUS

शोध / संदर्भ सहायक के रिक्त पदों पर भर्त्ती के लिए आयोजित होने वाली मुख्य परीक्षा का पाठ्यक्रमः-

(1) **प्रथम पत्र -** अंक - 100 अवधि - 2 घंटा ।

हिन्दी भाषा का ज्ञान (50 अंक) :-निबंध, पत्र लेखन, व्याकरण, वाक्य-विन्यास, संक्षेपण।

अंग्रेजी भाषा का ज्ञान (50 अंक):-निबंध, पत्र लेखन, व्याकरण, वाक्य-विन्यास, संक्षेपण ।

मुख्य परीक्षा के प्रथम पत्र हिन्दी तथा अंग्रेजी विषय में अर्हतांक 30 प्रतिशत है जो अनिवार्य होगा किन्तु मेधा सूची के प्रयोजनार्थ इसकी गणना नहीं की जायेगी । जो उम्मीदवार इस पत्र में 30 प्रतिशत अंक प्राप्त नहीं करेंगे उनके मुख्य परीक्षा के दूसरे पत्र का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा तथा वे मुख्य परीक्षा में योग्यता प्राप्त नहीं समझे जायेंगे ।

(2) **द्वितीय पत्र -** अंक - 200 अवधि - 3 घंटा ।

(क) **भारत का संविधान** (100 अंक)- भारत का संविधान एवं उसकी मुख्य विशेषताएं, प्रस्तावना, मौलिक अधिकार, राज्य की नीति के निदेशक तत्व, मूल कर्त्तव्य, राष्ट्रपति और राज्यपाल की संवैधानिक स्थिति और शक्तियां, राज्य का विधान मंडल, राज्य विधान मंडल के अधिकारी, बिहार विधान मंडल के सदस्यों की निरर्हतायें, शक्तियां एवं विशेषाधिकार, विधायी प्रक्रिया एवं विधायी कार्य, वित्तीय विषयों के संबंध में प्रक्रिया, उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय - अधिकार क्षेत्र, शक्तियां, न्यायाधीशों की नियुक्ति एवं स्थानान्तरण, अधिकारों का विभाजन, संघ और राज्य के बीच विधायी एवं प्रशासनिक शक्तियों का वितरण, चुनाव, आपात उपबंध, संविधान का संशोधन, अन्य संबंधित मुद्दे और दसवीं अनुसूची ।

(ख) **शोध/संदर्भ लेख का प्रारूपण** (100 अंक)- किसी संवैधानिक, राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय मुद्दे पर उपलब्ध कराये गये सामग्री (जैसे समाचार पत्र कतरन, लेख आदि) से एक स्पष्ट एवं विश्लेषणात्क तरीके से अनुसंधान / संदर्भ नोट तैयार करने की परीक्षार्थी की क्षमता जाँच के लिए इस पत्र को डिजाइन किया जाएगा ।